# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / गुण. एवं प्रशि.अनु / गुण.प्र / RKSMBK / 61186 / 2021-22 / Vol.-I दिनांक 18.10.2022

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)--माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा।
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।
समस्त संस्था प्रधान।

**विषय :–** शैक्षिक सत्र 2022–23 में कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों के आकलन के संबंध में।
**प्रसंग :–** शासन के पत्रांक प.17(1) शिक्षा–1 / लर्निंग लॉस / विविध / 2022 / जयपुर दिनांक 18.10.2022 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के दक्षता आधारित अध्ययन से विद्यार्थियों में गत सत्रों में वंचित दक्षताओं को प्राप्त करने एवं विस्मृत दक्षताओं की पुनः प्राप्ति के लिए यिाक्षण को विद्यार्थियों को केंद्रित करने के उद्देश्य से बजट घोषणा 2022–23 6(III) के क्रम में ''राजस्थान के शिक्षा में बढते कदम'' कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। ''राजस्थान के शिक्षा में बढते कदम'' कार्यक्रम में दक्षता आधारित अध्ययन तथा आकलन के संबध में प्रासंगिक शासन के पत्र द्वारा अनुमोदन अनुसार संचालित सत्र 2022–23 हेतु आकलन एवं अंक प्रावधान के संबंध में निम्नानुसार प्रावधान किए जाते है:–

❖ **आकलन के संबंध में निर्देश** :– कक्षा 1 से 5 के लिए सम्मेटिव एसेसमेंट , कक्षा 6 से 8 के लिए परख एवं परीक्षा के अतिरिक्त कक्षा 3 से 8 के तीन विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी ) के लिए आर.के. एस.एस.बी.के के तहत आकलन किया जाएगा। इस प्रकार सत्र के लिए आकलन के तिथियों का विवरण निम्नानुसार होगा :–

| कक्षा | प्रथम परख | एसए–1 | द्वितीय परख | RKSMBK-1 ( 3 Subject) | अर्द्धवार्षिक परीक्षा / एसए–2 / RKSMBK-2 ( 3 Subject) | एसए–3 का RKSMBK-3 के रूप में ( 6 सें 23 अप्रेल ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01–02 | – | सितम्बर माह में सम्पन्न | – | – | 10 से 23 दिसम्बर 22 | एसए–3 |
| 03–04 | – | सितम्बर माह में सम्पन्न | – | नवम्बर 22 | 10 से 23 दिसम्बर 22 | तीन विषयों का RKSMBK शेष विषय का एसए–3 दि 10 से 23 अप्रेल 2023 |
| 05 | – | सितम्बर माह में सम्पन्न | – | नवम्बर 22 | 10 से 23 दिसम्बर 22 | बोर्ड मार्च निर्धारित तिथि पर |
| 06–07 | 22 से 24 अगस्त | – | 10 से 12 अक्टूबर | नवम्बर 22 | 10 से 23 दिसम्बर 22 | तीन विषयों का RKSMBK शेष विषय की वार्षिक परीक्षा 10 से 23 अप्रेल 2023 |
| 08 | 22 से 24 अगस्त | – | 10 से 12 अक्टूबर | नवम्बर 22 | 10 से 23 दिसम्बर 22 | बोर्ड मार्च निर्धारित तिथि पर |

- **कक्षा 1–2 के आकलन –**
  - आर.के.एस.एम.बी.के के अन्तर्गत कक्षा 1 एवं 2 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है अतः पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही सम्मेटिव एसेसमेंट कराया जाएगा।
  - अंक योजना (ग्रेड़िग) एवं परिणाम का रिपोर्ट कार्ड विद्यालय स्तर पर ही तैयार कराया जाएगा तथा प्रविष्टि पूर्ववत ही शालादर्पण पर की जानी हैं।
- **कक्षा 3–8 के आकलन/परख/परीक्षा के संबंध में–**
  - कक्षा 3–8 के लिये एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये पूर्वानुसार सम्मेटिव असेसमेन्ट/परख/परीक्षा करवायी जानी हैं तथा बिहांइड ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये आर.के.एस.एम.बी.के आकलन करवाया जाना है।
  - एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन हेतु **कक्षा 1 से 5 के लिए एसए–1** शिविरा पंचाग में उल्लेखित के अनुरूप ही सम्पन्न हुआ है।
  - **कक्षा 3–8 के लिये** प्रस्तावित **आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1**, दिनांक **3 से 5 नवम्बर** 2022 को आयोजित होगा ।
  - कक्षा 1 से 5 के लिए **एस.ए–2 संशोधित प्रावधान अनुसार** दिनांक 10 से 23 दिसम्बर 2022, कक्षा 6 से 8 हेतु आयोज्य अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ कराया जाना है।
  - इन्ही तिथियों पर कक्षा 3 से 8 के लिए प्रावधानित तीनों विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी ) के लिए आर.के.एस.एम.बी.के आकलन का आयोजन किया जाएगा।
  - कक्षा 6 से 8 के लिए प्रथम तथा द्वितीय परख शिविरा पंचाग में उल्लेखित तिथियों को सम्पन्न हो चुका है। शिविरा पंचांग में उल्लेखित तृतीय परख का आयोजन नहीं किया जाना है।
  - कक्षा 3 से 5 की एसए–2 कक्षा 6 से 8 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा एवं विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी) हेतु आर.के.एस.एम.बी.के – 2 का आयोजन दिनांक 10 से 23 दिसम्बर 2022 के मध्य कराया जाएगा।
  - कक्षा 3 से 4 की एसए–3 कक्षा 6 से 7 की वार्षिक परीक्षा एवं विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी) हेतु आर.के.एस.एम.बी.के–3 का आयोजन दिनांक 10 से 23 अप्रेल 2023 के मध्य कराया जाएगा।
  - कक्षा 5 एवं 8 के लिए बोर्ड परीक्षा पंजियक विभागीय परीक्षा द्वारा निर्धारित तिथियों को कराई जाएगी, जिसमें पाठ्यपुस्तक के साथ–साथ वर्कबुक के दक्षता आधारित प्रश्न भी समाहित रहेंगे।
- **कक्षा 9–12 के परख/परीक्षा के संबंध में–**
  - कक्षा 9 से 12 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है, अतः शिविरा पंचाग 2022–23 में उल्लेखित तिथियों पर पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही परख/परीक्षाएं करवाई जानी हैं।
  - अंक योजना (ग्रेड़िग) एवं परिणाम का रिपोर्ट कार्ड विद्यालय स्तर पर ही तैयार कराया जाएगा ।
- **परख/परीक्षा/सम्मेटिव असेसमेंट एवं आर.के.एस.एम.बी.के आकलन हेतु पाठ्यवस्तु का विवरण :–**
  - कक्षा 1–2 : सम्मेटिव असेसमेंट, पाठ्यपुस्तकों व वर्कबुक के आधार पर
  - कक्षा 3–5 : सम्मेटिव असेसमेंट– पाठ्यपुस्तकों के आधार पर<br>आर.के.एस.एम.बी.के आकलन– वर्कबुक के आधार पर
  - कक्षा 6–8 : परख/परीक्षा– पाठ्यपुस्तकों के आधार पर<br>आर.के.एस.एम.बी.के आकलन– वर्कबुक के आधार पर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

टेलीग्राम चैनल ज्वाइन करें

**आर.के.एस.एम.बी.के सम्मिलित करने के बाद अंक भार:–**

| कक्षा | प्रथम परख अंक | एसए–1 | द्वितीय परख अंक | RKSMBK-1 ( 3 Subject) अंक / ग्रेड | अर्द्धवार्षिक परीक्षा / एसए–2 / RKSMBK-2 ( 3 Subject) अंक / ग्रेड | एसए–3 का RKSMBK-3 के रूप में / वार्षिक परीक्षा अंक / ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01–02 | – | ग्रेड | -- | – | ग्रेड | ग्रेड |
| 03–04 | -- | ग्रेड | -- | ग्रेड | ग्रेड | ग्रेड |
| 05 | -- | ग्रेड | -- | ग्रेड़ | ग्रेड | आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलन से |
| 06–07 | 10 | – | 10 | 30 | 70<br>(30 RKSMBK+40 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित अर्द्धवार्षिक प्रश्नपत्र )<br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 70 अंको का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से | 80<br>(30 RKSMBK+50 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित अर्द्धवार्षिक प्रश्नपत्र )<br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 110 अंको का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से |
| 08 | 10 | – | 10 | 30 | 70<br>(30 RKSMBK+40 हिन्दी, अंग्रेजी, गणित अर्द्धवार्षिक प्रश्नपत्र )<br>अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 70 अंको का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से | आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलन से |

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

❖ **कक्षा 1–2 के लिये –**

- आर.के.एस.एम.बी.के के अन्तर्गत कक्षा 1 एवं 2 के लिए पृथक से कोई आकलन प्रस्तावित नही है अतः पूर्ववत् सत्रों (2019–20 एवं पूर्व) की भांति ही सम्मेटिव एसेसमेंट कराया जाएगा तथा पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जाएगी।

❖ **कक्षा 3–5 के संबंध में–**

- एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये पूर्वानुसार सम्मेटिव असेसमेन्ट करवाया जाना हैं तथा बिहांइड ग्रेड आकलन के लिये आर.के.एस.एम.बी.के आकलन करवाया जाना है।
- एट ग्रेड विषयवस्तु आकलन हेतु **एसए–1** करवाया जा चुका है, पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- **नवम्बर** 2022 में आयोज्य **आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1** में ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- एस.ए–2 के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 करवाया जाना हैं, जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 आकलन पत्रक विभाग द्वारा तथा एस.ए–2 पत्रक विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं। पर्यावरण विज्ञान के लिये आकलन पत्रक विद्यालय स्तर से निर्मित करवाया जाना हैं, पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- एस.ए–3 के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 करवाया जाना हैं, जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 पत्रक विभाग द्वारा तथा एस.ए–3 पत्रक विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं। पर्यावरण विज्ञान के लिये आकलन पत्रक विद्यालय स्तर से निर्मित करवाया जाना हैं, पूर्वानुसार ग्रेड प्रदान की जानी हैं।
- कक्षा–5 के लिये पूर्वानुसार बोर्ड परीक्षा करवाई जाएगी अतः एस.ए–3 व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 का आयोजन नहीं किया जाना हैं। आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों (एस.ए–1 व 2, आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1 व 2) के 20 प्रतिशत अंको के आधार पर दिये जाने हैं।

❖ **कक्ष 6–8 के संबंध में–**

- एट ग्रेड विषयवस्तु अध्ययन आकलन के लिये पूर्वानुसार परख/परीक्षा करवाया जाना हैं तथा बिहांइड ग्रेड आकलन के लिये आर.के.एस.एम.बी.के आकलन करवाये जाने है।
- एट ग्रेड विषयवस्तु आकलन हेतु 10–10 अंको के प्रथम तथा द्वितीय परख करवाये जा चुके हैं।
- **नवम्बर** 2022 में आयोज्य **आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1** प्रावधानित तीनों विषयों (गणित, अंग्रेजी एवं हिन्दी ) के लिये 30–30 अंक प्रति विषय का रहेगा।
- अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 करवाया जाना हैं जो 70 अंकों का रहेगा। जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के 30 अंक का आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 प्रश्न पत्र विभाग द्वारा तथा 40 अंक का अर्द्धवार्षिक प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं । अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 70 अंको का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से करवाया जाना हैं।
- वार्षिक परीक्षा के साथ आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 करवाया जाना हैं जो 80 अंकों का रहेगा। जिसमे से हिन्दी, अंग्रेजी, गणित विषय के 30 अंक का आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–2 प्रश्न पत्र विभाग द्वारा तथा 50 अंक का वार्षिक प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से तैयार करवाया जाना हैं। अन्य विषयों सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा के लिये 110 अंको का प्रश्नपत्र विद्यालय स्तर से करवाया जाना हैं।
- कक्षा–8 के लिये पूर्वानुसार बोर्ड परीक्षा करवाई जाएगी अतः एस.ए–3 व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–3 का आयोजन नहीं किया जाना हैं। आंतरिक मूल्यांकन के 20 अंक पूर्व के आकलनों (प्रथम व द्वितीय परख, अर्द्धवार्षिक परीक्षा व ,आर.के.एस.एम.बी.के आकलन–1 व 2) के 20 प्रतिशत अंको के आधार पर दिये जाने हैं।

Rajasthan Education Department

❖ **शालादर्पण पर अंक अथवा ग्रेड्स की प्रविष्टि व रिपोर्ट कार्ड :–**

- कक्षा 1 व 2 के लिए पूर्वानुसार ग्रेड्गि की प्रविष्टि शाला दर्पण पर की जानी हैं।
- कक्षा 3 से 5 के लिए सितम्बर माह में सम्पन्न एसए–1 की प्रविष्टि शालादर्पण पर की जानी है। तथा आगामी एसए व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन की प्रविष्टि एप के माध्यम से तथा पर्यावरण अध्ययन की ग्रेडिंग का अंकन पूर्व की भांति शालादर्पण पर किया जाएगा, जहां से एप इनका डेटा ले लेगा, जिसे होलेस्टिक कार्ड में प्रदर्शित किया जाएगा।
- कक्षा 6–8 के लिए पूर्व में आयोजित परखों की प्रविष्टि शालादर्पण पर की जानी है तथा आगामी परीक्षा व आर.के.एस.एम.बी.के आकलन की प्रविष्टि एप के माध्यम से तथा सामाजिक विज्ञान, विज्ञान तथा तृतीय भाषा का अंकन पूर्व की भांति शालादर्पण पर किया जाएगा, जहां से एप इनका डेटा ले लेगा, जिसे होलेस्टिक कार्ड में प्रदर्शित किया जाएगा।

उपर्युक्त निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यालय (JD/CDEO/ DEO/CBEO) तथा विद्यालयों के संस्था प्रधान पत्र में प्रदत्त निर्देशों के अनुरूप विद्यालयों में आकलन करवाना सुनिश्चित करें।

**(गौरव अग्रवाल)**
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**प्रतिलिपि** :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01 निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारं. शिक्षा) विभाग, राजस्थान, जयपुर।

02 आयुक्त तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
03. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग, राजस्थान, बीकानेर।
04. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर ।
05. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक NIC राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार आवश्यक मॉड्यूल निर्माण करवाना सुनिश्चित करें।
06. संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा –समस्त।
07. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
08. मैनेजर, गुरु नानक भवन संस्थान, जयपुर।
09. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
10. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
11. रक्षित पत्रावली।

स्टॉफ ऑफिसर(माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**राजस्थान सरकार**

शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक : प.17(1)शिक्षा–1/लर्निंग लोस/विविध/2022 जयपुर दिनांक : 18/10/2022

**निदेशक,**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,**
**बीकानेर।**

विषय : राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम कार्यक्रम के अन्तर्गत आंकलन हेतु शिविरा पंचांग में संशोधन करने के संबंध में।

संदर्भ : आपका पत्रांक : शिविरा/माध्य/गुण व प्रशि.अनु./गुण.प्र/RKSMBK/61186/2021–22 दिनांक 30.09.2022

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम कार्यक्रम के अन्तर्गत आंकलन हेतु शिविरा पंचांग में निम्नानुसार संशोधन किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है :–

1. कक्षा 3 से 8 के हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों के लिये आरकेएसएमबीके अर्न्तगत आंकलन प्रथम (2 से 4 नवम्बर 22), आरकेएसएमबीके अर्न्तगत आंकलन द्वितीय (10 से 23 दिसम्बर 22 अर्द्धवार्षिक परीक्षा के साथ) एवं आरकेएसएमबीके अर्न्तगत आंकलन तृतीय (6 से 25 अप्रैल 23 वार्षिक परीक्षाओं के साथ) को कराया जायेगा।
2. कक्षा 6 से 8 के लिये शिविरा पंचाग में उल्लेखित तृतीय परख 20 से 22 फरवरी 2023 को निर्धारित है, इसे शिविरा पंचाग से विलोपित किया जाता है।
3. उक्त परिवर्तन केवल कक्षा 3 से 8 के लिये प्रभावी रखा जायेगा, अर्थात कक्षा 9 से कक्षा 12 की परख एवं परीक्षा शिविरा पंचाग के अनुरूप ही रहेगी।

भवदीय,

शासन उप सचिव

सत्यमेव जयते
Rajasthan Education Department

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री महोदय।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीया शिक्षा राज्यमंत्री महोदया।
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा।
4. निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
5. संयुक्त शासन सचिव/शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2, 5, 6)
6. शासन उप सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा/प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग।
7. रक्षित पत्रावली।

18.10.22

( डॉ. रणवीर सिंह )
विशेषाधिकारी, शिक्षा

D:Rohit/Vidhan Sabha/Letter

# कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ राजस्थान, बीकानेर

राजस्थान के
शिक्षा
में बढ़ते कदम

**–: परीक्षा कार्यक्रम : प्रथम आकलन :–**

| दिनांक | वार | समयावधि | कक्षा | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 3 नवम्बर 2022 | गुरूवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 3 से 5 | हिन्दी |
| 4 नवम्बर 2022 | शुक्रवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 3 से 5 | अंग्रेजी |
| 5 नवम्बर 2022 | शनिवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 3 से 5 | गणित |

Rajasthan Education Department

| दिनांक | वार | समयावधि | कक्षा | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 3 नवम्बर 2022 | गुरूवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 6 से 8 | गणित |
| 4 नवम्बर 2022 | शुक्रवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 6 से 8 | हिन्दी |
| 5 नवम्बर 2022 | शनिवार | प्रातः 10:30 से 11:30 तक | 6 से 8 | अंग्रेजी |

नोट –

1. परीक्षार्थी एवं शिक्षक परीक्षा की दिनांक और समय का पूरा ध्यान रखें।
2. कक्षा 3 से 5 के परीक्षार्थी प्रश्नपत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना नाम तथा रोल नंबर अंकित करेंगे तथा प्रश्नपत्र में ही सही विकल्प के वर्ग में इस प्रकार सही का निशान बनाएंगे – ☑
3. कक्षा 6 से 8 के परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के साथ उपलब्ध करवाई गई ओसीआर शीट पर निर्धारित स्थान पर स्वयं का नाम, कक्षा, रोलनंबर तथा विषय अंकित करेंगे तथा इस शीट में ही सही विकल्प के वर्ग में इस प्रकार सही का निशान बनाएंगे – ☑
4. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र अथवा ओसीआर शीट को मोड़ें नहीं, इसे शिक्षक द्वारा स्कैन किया जाएगा अतएव सीधा रखा जाना है।
5. आरकेएसएमबीके के अंतर्गत यह प्रथम आकलन स्कूल शिक्षा विभाग के समस्त राजकीय विद्यालयों में आयोजित किया जा रहा है।
6. परीक्षा दिवस को एक घंटे के आकलन के पश्चात विद्यालय संचालन निर्धारित समय तक यथावत रहेगा।

(गौरव अग्रवाल)
IAS
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर

# कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ राजस्थान, बीकानेर

राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम

**–: दिशानिर्देश : प्रथम आकलन :–**

राजस्थान के शिक्षा में बढ़ते कदम स्कूल शिक्षा विभाग की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत बिहाइंड ग्रेड विद्यार्थियों को स्वयं की कक्षा के स्तर पर लाने के लिए वर्ष में तीन बार कम्पीटेन्सी बेस्ड आकलन के माध्यम से परखा जाना तय किया गया है। इस क्रम में प्रथम आकलन दिनांक 03 से 05 नवम्बर 2022 तक होगा। आकलन की इस प्रक्रिया के राज्य भर में लयबद्ध एवं समरूप संचालन के लिए कतिपय दिशानिर्देश निम्नानुसार हैं –

Rajasthan Education Department

**प्रश्नपत्र संग्रहण एवं वितरण :–**

1. प्राचार्य डाइट समस्त अपने जिले के लिए एक उपयुक्त संग्रहण एवं वितरण केन्द्र नियत करेंगे जो कि स्वयं डाइट अथवा कोई राजकीय विद्यालय का भवन हो सकता है। प्रथमतया यह संग्रहण एवं वितरण केन्द्र जिला मुख्यालय पर ही स्थित होना अपेक्षित है, परंतु स्थानीय अनुकूलता के दृष्टिगत यह जिले में किसी अन्य स्थान पर भी नियत किया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि संग्रहण एवं वितरण केन्द्र का चयन करते समय प्राचार्य डाइट सुरक्षा, सहज व सुगम परिवहन की दृष्टि से पूर्ण आश्वस्त हो कर ही निर्णय लें। **जिले में केवल एक संग्रहण एवं वितरण केन्द्र नियत किया जा सकेगा**
2. गोपनीय मुद्रक द्वारा सभी 33 जिलों को प्रश्नपत्र पैकेट्स की आपूर्ति दिनांक 20, 21, 27 व 28 अक्टूबर 2022 को करेंगे। प्राचार्य डाइट द्वारा संग्रहण एवं वितरण केन्द्र पर नियुक्त त्रिसदस्यीय दल उक्त अवधि में अपने मोबाइल फोन चालू रखेंगे ताकि आपूर्तिकर्त्ता से वार्त्तालाप हो सके और प्रश्नपत्र आपूर्ति निर्बाध सम्पन्न हो जाए। किस जिले में किस दिनांक को प्रश्नपत्र आपूर्ति संभावित है की जानकारी पंजीयक कार्यालय से समस्त प्राचार्य डाइट को यथासमय प्रदान कर दी जाएगी।

3. संग्रहण एवं वितरण केन्द्र पर सुरक्षा के दृष्टिगत कार्मिकों की राउण्ड द क्लॉक ड्यूटी के आदेश प्रथमतया प्राचार्य डाइट द्वारा जारी किए जाएंगे अथवा स्थानीय आवश्यकता और प्रकृति के अनुरूप प्राचार्य डाइट के प्रस्तावित करने पर इस आशय के आदेश संबंधित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जारी करेंगे।
4. संग्रहण एवं वितरण केन्द्र पर प्रश्पनत्रों के पैकेट/बॉक्स पीईईओ वार/यूसीईओ वार प्राप्त होंगे। शालादर्पण पोर्टल से लिए गए डाटा (तिथि 14.09.2022) के आधार पर यह पैकिंग करवाई गई है अतः उक्त तिथि को जो विद्यालय पोर्टल पर किसी भी पीईईओ/यूसीईओ के साथ मैप नहीं थे के लिए प्रत्येक जिले में एक अलग पैकेट/बॉक्स होगा जिस पर **नो पीईईओ** या **विदाउट पीईईओ** अंकित होगा।
5. **नो पीईईओ** या **विदाउट पीईईओ** अंकित पैकेट/बॉक्स को जिला संग्रहण एवं वितरण केन्द्र पर प्राप्त होते ही खोला जाएगा तथा उसमें रखी गई विद्यालयों की सूची का अवलोकन कर उनके पीईईओ/यूसीईओ का निर्धारण किया जाएगा। इसके बाद इन सभी विद्यालयों के समस्त प्रश्नपत्रो के पैकेट्स को संबंधित पीईईओ/यूसीईओ के पैकेट/बॉक्स के साथ टैग कर दिया जाएगा ताकि वितरण दिनांक 31.10.2022 से पहले कोई भी विद्यालय ऐसा न बचे जो कि किसी पीईईओ/यूसीईओ के साथ मैप न हो।
6. जिले के संग्रहण एवं वितरण केन्द्रों द्वारा दिनांक 31.10.2022 सोमवार को प्राचार्य डाइट की उपस्थिति और मॉनेटरिंग में प्रश्नपत्रों के पैकेट/बॉक्स का वितरण जिला समान परीक्षा की प्रकिया के अनुरूप समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) को किया जाएगा। इस प्रक्रिया में प्राचार्य डाइट स्थानीय परिस्थिति व आवश्यकता के अनुरूप जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (प्रारम्भिक/माध्यमिक) को संग्रहण एवं वितरण केन्द्र पर उपस्थित रहने हेतु कहने के लिए अधिकृत होंगे।
7. प्रत्येक सीबीईओ व्यक्तिशः स्वयं के परिक्षेत्र क पैकेट/बॉक्स प्राप्त करेंगे, वे इस प्रक्रिया में अपने साथ दो अधिकारी/कार्मिक ला सकते हैं। वे अपने परिक्षेत्र के सभी पीईईओ/यूसीईओ के पैकेट/बॉक्स प्राप्त करने के साथ-साथ **नो पीईईओ** या **विदाउट पीईईओ** अंकित पैकेट/बॉक्स में रखे गए उन विद्यालयों के प्रश्नपत्र भी प्राप्त कर लें जो कि उनके परिक्षेत्र में स्थित हैं तथा शालादर्पण पोर्टल पर किसी भी पीईईओ/यूसीईओ के साथ मैप नहीं हैं।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

8. समस्त सीबीईओ दिनांक 01.11.2022 को अपने परिक्षेत्र के पीईईओ/यूसीईओ को प्रश्नपत्र पैकेट/बॉक्स का वितरण करेंगे। वे इसके साथ-साथ **नो पीईईओ** या **विदाउट पीईईओ** अंकित पैकेट/बॉक्स में रखे गए विद्यालयों के प्रश्नपत्र भी संबंधित पीईईओ/यूसीईओ को वितरित करेंगे।

9. प्रत्येक पीईईओ/यूसीईओ दिनांक 01.11.2022 एवं 02.11.2022 को अपने क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों को उनके प्रश्नपत्र एनवेलप वितरित करेंगे। पीईईओ/यूसीईओ के पैकेट/बॉक्स में उनके क्षेत्राधीन समस्त राजकीय विद्यालयों हेतु कक्षा 3 से 8 तक के लिए हिन्दी, अंग्रेजी व गणित विषयों के बंद प्रश्नपत्र पैकेट्स होंगे। पीईईओ/यूसीईओ के पैकेट/बॉक्स में रखे गए प्रश्नपत्रों का विवरण बॉक्स के अंदर एक चार्ट/शीट के रूप में प्राप्त होगा जिसकी सहायता से उनका आगे सहजता से वितरण किया जा सकेगा। उनके क्षेत्राधीन स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के लिए कक्षा 3 से 8 तक गणित विषय का प्रश्नपत्र अंग्रेजी माध्यम का उपलब्ध करवाया गया है।

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

**टाइम लाइन**

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | जिला संग्रहण केन्द्रों तक गोपनीय सामग्री की आपूर्ति | 20 से 21.10.2022<br>27 से 28.10.2022 |
| 2 | जिला संग्रहण केन्द्रों से सीबीईओ को गोपनीय सामग्री का वितरण | 31.10.2022 |
| 3 | सीबीईओ से पीईईओ/यूसीईओ को गोपनीय सामग्री का वितरण | 01.11.2022 |
| 4 | पीईईओ/यूसीईओ से क्षेत्राधीन राजकीय विद्यालयों को गोपनीय सामग्री का वितरण | 01.11.2022 से<br>02.11.2022 |

(गौरव अग्रवाल)
IAS
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान,
बीकानेर